# परिवहन उपनिरीक्षक सीखेंगे कंप्यूटर, फायरिंग

## मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण का शुभारंभ

**भोपाल, 9 मार्च. मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी, भोपाल में सोमवार को परिवहन उप निरीक्षक बैच के 20 प्रशिक्षु अधिकारियों के आधारभूत प्रशिक्षण का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम परिवहन आयुक्त, उमेश जोगा तथा मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी के उप निदेशक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के सानिध्य में संपन्न हुआ.**

इस अवसर पर परिवहन उप निरीक्षक के लिए आयोजित 90 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया. प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को आंतरिक (इनडोर) एवं आउटडोर कक्षाओं के माध्यम से व्यावसायिक दक्षता प्रदान की जाएगी. इसके साथ ही फायरिंग प्रशिक्षण तथा कंप्यूटर आधारित तकनीकी कक्षाएं भी संचालित की जाएंगी, जिससे प्रशिक्षु अधिकारी आधुनिक पुलिसिंग एवं परिवहन प्रबंधन से संबंधित आवश्यक कौशल प्राप्त कर सकें. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिवहन आयुक्त जोगा ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिवहन संबंधी कानूनों की गहन समझ और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कानूनी ज्ञान अत्यंत आवश्यक है.



उन्होंने अधिकारियों को तकनीकी रूप से अपडेट रहने, कार्य के दौरान व्यावहारिक (प्रैक्टिकल) दृष्टिकोण अपनाने तथा आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने की सलाह दी. उन्होंने यह भी कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के बाद राहत एवं सहायता से संबंधित शासन की योजनाओं का लाभ समय पर पीड़ितों तक पहुंचाना भी अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है. मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी के उपनिदेशक डॉ. अग्रवाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अकादमी की विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया.

### मेट्रो की राह में आरा मशीनें बाधक

**भोपाल.** मेट्रो रेल के चेंजओवर क्रॉसिंग स्टेशन की राह में 36 आरा मशीनें बाधक बन रही है. स्थिति ये कि इनके लिए एयरपोर्ट के पास रातीबड़ में करीब 12 एकड़ क्षेत्रफल में आठ करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य किया है, लेकिन मशीनें शिफ्ट नहीं हुई. पुल पातरा व पुल बोगदा के बीच ये मशीनें हैं. मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अफसरों का कहना है, कलेक्टर के माध्यम से करीब पांच करोड़ रुपए का मुआवजा भी दिया गया, बावजूद इसके काम शुरू नहीं होने दिया जा रहा है. आरा मशीनों की वजह से मेट्रो की ऑरेंज और ब्लू लाइन जंक्शन का काम एक साल लेट हो गया है.

# अंतर्राष्ट्रीय तस्कर तारकनाथ घोष गिरफ्तार

## स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की बड़ी कार्रवाई

**भोपाल, 9 मार्च. दुर्लभ जलीय और वन्य-जीवों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तस्करी प्रकरण में फरार आरोपी तारकनाथ घोष पुत्र निताई घोष, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल को कानपुर रेलवे स्टेशन से स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश की मुख्यालय भोपाल, इकाई शिवपुरी और वन्य-जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो नई दिल्ली के संयुक्त दल द्वारा गिरफ्तार किया गया.**

तस्करी के प्रकरण में पूर्व में क्षेत्रीय इकाई भोपाल, शिवपुरी द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों से घड़ियाल के 30 बच्चे, 17 रेड क्राउंड-रूफ्ड कछुए, 19 स्ट्रिप्ड-रूफ्ड कछुए जब्त कर 12 जुलाई, 2025 को वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया था.

इसमें 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है. आरोपी तारकनाथ घोष के विरुद्ध एसटीएसएफ द्वारा दर्ज वन अपराध प्रकरण 5 मई, 2017 को सीबीआई के सुपुर्द किया जा चुका था. आरोपी 9 वर्षों से फरार था, जिसे पकड़ने के लिये एसटीएसएफ द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था.

आरोपी तारकनाथ के विरुद्ध विशेष न्यायालय शिवपुरी के समक्ष प्रस्तुत कर फॉरेस्ट रिमाण्ड पर लेकर पूछताछ की जायेगी, जिससे गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी भी जुटाई जा सकेगी. प्रकरण में विवेचना जारी है. गौरतलब है कि आरोपी तारकनाथ तस्करी के मामले में मध्यप्रदेश में सक्रिय था, जिसकी एसटीएसएफ को तलाश थी.

# निगम अमले ने हटाए अतिक्रमण

## ठेले, पान पार्लर और लोहे की चेन की जब्त

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 मार्च. नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमणों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दुकानों के बाहर अवैध रूप से लगे टीन के शेड, अवैध रैंप, अवैध लगा लोहे का गेट, नाश्ते की दुकान, भट्टी, मिक्सर मशीन, घरों के बाहर लगी फर्शियां, लोहे की जाली, भवन निर्माण सामग्री, चार पहिया वाहनों को हटाया साथ ही ठेले, पान पार्लर, लोहे की चेन आदि जब्त करने की कार्रवाई की.**



अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सोमवार को कोलार परफेक्ट प्लाजा, बैरागढ़ चीचली, ललिता नगर, डीमार्ट, जेके हॉस्पिटल, मंदाकिनी, प्रियंका नगर, सूरज नगर, गणेष मैरिज हॉल, नीलबढ़, जवाहर चौक, सरस्वती नगर, भारत माता चौराहा, पीएनटी रोड, शाहपुरा शैतान सिंह चौराहा, त्रिलंगा, 12 नंबर, बोर्ड आफिस, एम.पी. नगर डीबी मॉल, न्यू अदालत, अयोध्या बायपास, अभिनव होम्स, प्रभात चौराहा, अषोका गार्डन परिक्रमा पार्क, परिहार चौराहा, मोती मस्जिद, हमीदिया रोड, रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नं.-6, हमीदिया अस्पताल गेट नं-1, भोपाल गेट, भानपुर शिव नगर, कल्याण नगर, करोंद चौराहा, रूसल्ली, करोंद सेंट जोन स्कूल, करोंद किड्स कान्वेंट स्कूल, भोपाल हास्पिटल से करोंद चौराहे आदि से अतिक्रमणों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कोलार परफेक्ट प्लाजा क्षेत्र में दुकानों के बाहर अवैध रूप से लगे टीन के शेड जब्त किए.

### आज 30 इलाकों में होगी बिजली कटौती

**भोपाल, 9 मार्च.** राजधानी भोपाल में मेंटनेंस के लिए मंगलवार को करीब 30 इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी. मंगलवार सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जेल हिल्स, सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक दानिशकुंज-2, 3 और 4, सिद्धी समृद्धि हाइट्स, सुबह 10 से शाम 4 बजे तक निजामउद्दीन कॉलोनी, सागर स्टेट, सुख सागर कॉलोनी, सचितानंद नगर, रीगल स्टेट, सागर बंगलो, बीडीए, गोविंदपुरा, बंजारा बस्ती, सुबह 10 से शाम 4 बजे तक आसाराम चौराहा, गांधी नगर, अर्जुन वार्ड, प्रताप वार्ड, धाकड़ चौराहा, ब्लेयर कॉलोनी फेस-1-2, लेक पर्ल स्प्रिंग, सुबह 10.30 से शाम 4 बजे तक बिट्टन मार्केट, ई-5, अपेक्स बैंक कॉलोनी, दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक भीम नगर, ओम नगर, वल्लभ नगर आसपास के इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

# फूलों और गुलाल से खेली होली, गूंजे फाग

## सेवा भारती नानक मंडल का होली मिलन समारोह

**भोपाल, 9 मार्च. सेवा भारती नानक मंडल द्वारा होली के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इसमें अध्यक्ष चेतन पटेल, सचिव मनोज शर्मा तथा मुकेश शर्मा ने सदस्यों के साथ फूलों और गुलाल से होली खेलकर आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया.**

इस अवसर पर पारंपरिक फाग गीतों की मधुर प्रस्तुतियों ने वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया. महानगर मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने कहा कि होली का त्योहार समाज में प्रेम, भाईचारा और एकता का संदेश देता है. सेवा भारती सदैव समाज को जोड़ने और पारिवारिक वातावरण में त्योहार मनाने की हमारी परंपरा को मजबूत करने का कार्य करती है.



### आयोजन में ये रहे शामिल

कार्यक्रम में विमल भंडारी, तृप्ति अग्रवाल,अमित जैन टंडेया, प्रेम नारायण शर्मा, विजय गुप्ता, अशोक सांकले, दुर्गेश मालवीय,मनीष पटेल, मनोज सोनी, मीरा कांटेवाला, राधा सिंह, नेहा गुप्ता, नीतू विश्वकर्मा, मनीष रामनानी, श्याम खेमचंदानी, शक्ति अग्रवाल, हनीश माधवानी, संजीव भारके, विनोद जैन, कन्हैयालाल भारती,मनोज हरदसानी, रोहन जैन, दिनेश पवार सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं.

### तालाब में कूदी महिला को सुरक्षित बाहर निकाला

**भोपाल.** विदिशा जिले के थाना त्योंदा क्षेत्र में डायल-112 के जवानों की त्वरित, साहसिक और संवेदनशीलता ने आत्महत्या के प्रयास में तालाब में कूदी एक महिला की जान बचा ली. 09 मार्च राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम, डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना त्योंदा क्षेत्र में एक महिला तालाब के किनारे बैठी हुई है और किसी अप्रिय घटना की आशंका प्रतीत हो रही है. सूचना मिलते ही त्योंदा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया.डायल-112 स्टाफ आरक्षक राजेंद्र मिश्रा एवं पायलट देवेंद्र कुशवाहा मौके पर पहुंचे इस दौरान पता चला कि पारिवारिक विवाद के चलते 35 वर्षीय महिला आत्महत्या के उद्देश्य से तालाब में कूद गई थी.

# आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**भोपाल, 9 मार्च. जहांगीराबाद थाना इलाके में एक युवक के साथ बदमाश ने मारपीट कर दी. मामूली बात पर आरोपी ने युवक की पिटाई करते हुए धमकाया भी. पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने में की है.** पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. फरियादी कुनाल धानुक (19) निवासी जिंसी ने शिकायत दर्ज कराई. कुनाल ने पुलिस को बताया कि वह निजी कंपनी में काम करता है. शनिवार को देर शाम घर के बाहर जब उसका भतीजा और भतीजी खेल रहे थे. इस दौरान मोहल्ले में रहने वाला एक युवक कासिम तेज रफ्तार में मोटर साइकिल चलाता हुआ निकला. कुनाल ने कासिम से धीमी गति से वाहन चलाने की बात कही. कासिम वहां से चला गया. इसके बाद कासिम का छोटा भाई ताह अचानक से कुनाल के घर पहुंचा और गालीगलौज शुरू कर दी. कुनाल ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसकी बुरी तरह से पिटाई कर दी. आरोपी ने जाते समय कुनाल को धमकाया भी. मारपीट के दौरान कुनाल के शरीर पर चोट आ गई. फरियादी ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस में शिकायत होने की सूचना के बाद आरोपी ताह और कासिम फरार हो गए. पीड़िता का मेड़िकल कराते हुए पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

# भदभदा पुल के पास 9 लोगों ने किया कब्जा, हुई कार्रवाई

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 मार्च. नगर निगम, टी0एण्ड सी0पी0, राजस्व विभाग और झील प्रकोष्ठ की मौजूदगी में सोमवार को बडे तालाब का सीमांकन किया गया. सुबह के 11 भदभदा पुल जो ग्राम सेवनिया गाँड़ तहत आता है.** वहां लगभग 01 कि0मी0 तक सीमांकन कार्य किया गया, जिसमें 10 अतिकमण होना पाया गया. सीमांकन के दौरान पाया गया कि यहां पर 9 अतिक्रमण निजी व्यक्तियों ने किए है. अतिक्रमण कारियों ने फैसिंग, स्वीगपुल, टीनशेड़ बनाकर कब्जा किया था. कार्रवाई के दौरान सैरसपाटा का निर्माण भी एफटीएल से 50 मीटर के दायरे में आना पाया गया.




## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

**(पूर्व में केपिटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के संग एकीकृत)**

IDFC FIRST Bank

(CIN: L65110TN2014PLC097792)

**रजिस्टर्ड ऑफिस:** केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031

**फोन:** +91 44 4564 4000, **फैक्स:** +91 44 4564 4022

### एपेंडिक्स IV (नियम 8 (1) कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

जहाँ नीचे हस्ताक्षरकर्ता, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत) का अधिकृत अधिकारी, सिक्योरिटाइजेशन और वित्तीय संपत्तियों के पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा ब्याज के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़े गए धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 29.01.2025 का एक डिमांड नोटिस जारी किया, जिसमें उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता और गारंटर- 1. चंदन सिंह 2. संतोष बाई को नोटिस में उल्लिखित राशि रु. 6,14,642.38/- (रु. छह लाख चौदह हजार छह सौ बयालीस और अड़तीस पैसे मात्र) दिनांक 28.01.2025 तक चुकाने का निर्देश दिया गया था, जिसे नोटिस प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाना था.

चूंकि उधारकर्ताओं ने उक्त राशि चुकाने में विफल रहे, अत: यहाँ उधारकर्ता एवं सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने संपत्ति का भौतिक अधिग्रहण कर लिया है, जैसा कि अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग से किया गया है, दिनांक 06 मार्च 2026 को. विशेष रूप से उधारकर्ताओं और सामान्य जनता को चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन न करें. संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफक बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत) के रु. 6,14,642.38/- (रु. छह लाख चौदह हजार छह सौ बयालीस और अड़तीस पैसे मात्र) और उस पर लागू ब्याज के अधिकार के अधीन होगा. उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें सुरक्षित संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय का प्रावधान किया गया है.

**बंधक प्रॉपर्टी का विवरण**

मौजूदा बिल्डिंग का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, गांव लछौनी, ग्रामपंचायत नारायणपुरा, तहसील चांचौड़ा, जिला गुना, मकान नंबर 10, पीएच नंबर 47, खसरा नंबर 176, कुल प्लॉट एरिया = 4200 वर्ग है. बिल्ट अप एरिया जी.एफ. 4200 वर्गफीट, मध्य प्रदेश-473118, और, इस तरह से घिरा हुआ है- पूर्व- मुकेश मीणा का घर, पश्चिम- आम रास्ता, उत्तर- ओमनारायण मीणा का घर, दक्षिण- रघुवीर सिंह का घर.


दिनांक: 6-3-2026
स्थान: मध्यप्रदेश
लोन खाता नं. 105088674

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफक बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत)


# ट्रक की टक्कर से स्कूटी में लगी आग

## सांची-विदिशा बायपास पर हुआ हादसा

**सलामतपुर, 9 मार्च. रायसेन जिले के सांची विदिशा बायपास के पास सोमवार सुबह करीब 11 बजे एक सड़क हादसा हो गया. विदिशा से भोपाल की ओर जा रहे 68 वर्षीय राजेंद्र माहेश्वरी निवासी विदिशा को एक तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही राजेंद्र माहेश्वरी स्कूटी से गिरकर घायल हो गए, जबकि उनकी स्कूटी में आग लग गई और देखते ही देखते स्कूटी धूं-धूं कर जलने लगी.**



घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मदद करते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास किया और घायल को उपचार के लिए विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया. सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी और पुलिस मौके पर पहुंची और आयशर ट्रक यूपी80 एफटी 0564 को जब्त कर लिया. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 और नेशनल हाइवे 146 पर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में बसें और अन्य छोटे बड़े वाहन नियम विरुद्ध दौड़ रही हैं. जिनका आरटीओ द्वारा कभी भी फिटनेस या परमिट चेक नहीं किया जाता है.

# जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल 16 मार्च तक स्थगित

**भोपाल, 9 मार्च. मध्य प्रदेश में लंबित स्टाइपेंड संशोधन और एरियर भुगतान की मांग को लेकर हड़ताल पर गए जूनियर डॉक्टरों ने फिलहाल अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है.**

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के साथ हुई बैठक के बाद जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जेडीए) ने हड़ताल को 16 मार्च तक टालने का निर्णय लिया है. सोमवार को सुबह 9 बजे से शुरू हुई यह हड़ताल शाम 5 बजे तक जारी रही, जिसके कारण कई सरकारी मेडिकल कॉलेजों में ओपीडी सेवाएं और जनरल सर्जरी प्रभावित रहीं. सरकार की ओर से लंबित स्टाइपेंड संशोधन और एरियर के जल्द भुगतान का आश्वासन मिलने के बाद जेडीए ने फिलहाल आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की.

जेडीए की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि बैठक में जूनियर डॉक्टरों की सभी लंबित मांगों पर विस्तृत और सकारात्मक चर्चा हुई है. सरकार ने जल्द समाधान का भरोसा दिया है.


## कार्यालय नगर निगम, भोपाल, जोन क्रमांक 18

### निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र

क्र. 207/यां.वि./2026 भोपाल, दिनांक 9/3/2026

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु परसेन्टेज रेट मोहरबंद निविदाएं निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं.

| क्र. | ऑनलाइन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | ठेकेदार श्रेणी | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_483525_1 | Repair and Maintanance of Roads at fine Avenue III Ward 83, Zone 18. | 17,39,779/- | as per Centralized Registration | 6-4-2026 | 6.00 PM |
| 2. | 2026_UAD_487910_1 | Const. of CC Road at Rajharsh Colony Near Bright Paragon Academy Near Lavkesh Pandey Ward 83, Zone 18 | 12,73,175/- | as per Centralized Registration | 6-4-2026 | 6.00 PM |

**नियम व शर्तें:- 1.** निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है.

सहायक यंत्री (सिविल)
नगर निगम, भोपाल

नि.क्र. 3281/025/026


# कार ने तीन वाहनों को मारी टक्कर

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 मार्च. तेज रफ्तार में जा रही एक कार ने तीन दो पहिया वाहनों को वीआईपी रोड पर टक्कर मार दी. हादसे के दौरान घायल हुई महिला ने मामले की शिकायत थाने में की. कोहेफिजा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. कार और चालक की तलाश की जा रही है.**

जानकारी के मुताबिक घायल महिला ने बताया कि वह रविवार रात को जब दो पहिया वाहन से अपने घर जा रही थी. कोजा चौराहा और इम्पीरियल सेबर के बीच वीआईपी रोड पर पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनके वाहन के साथ दो अन्य बाइकों में जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे के दौरान महिला के पैर और सिर चोट आई. आरोपी चालक की लापरवाही से हादसा होने से सड़क पर जाम की स्थिति भी देर तक बनी रही. फरियादी महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है.


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

**(पूर्व में केपिटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के संग एकीकृत)**

IDFC FIRST Bank

(CIN: L65110TN2014PLC097792)

**रजिस्टर्ड ऑफिस:** केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031 **फोन:** +91 44 4564 4000, **फैक्स:** +91 44 4564 4022

### सार्वजनिक सूचना
### स्वर्ण नीलामी सह आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड से उसके द्वारा प्राप्त स्वर्ण आभूषण के विरुद्ध ऋण सुविधा के लिए बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है. चूंकि उधारकर्ता सुविधा के तहत बकाया राशि चुकाने में विफल रहा है. हम **18/3/2026** को गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी करने के लिए बाध्य हैं. यदि इस नीलामी से कोई अधिशेष राशि प्राप्त होती है, तो उसे संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दिया जाएगा और यदि नीलामी के बाद कोई घाटा होता है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को बिना किसी पूर्व सूचना के निम्नलिखित खाते को नीलामी से हटाने का अधिकार है. इसके अलावा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी तिथि को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम | शाखा का नाम |
|---|---|---|
| 178328076 | देवेन्द्र सिंह यादव | गुना एमबीएल |
| 176937444 | यश यादव | नसरुल्लागंज रूरल |
| 172680874 | धर्मेन्द्र सिंह | गुना एमबीएल |
| 172723904 | शानू खान | सिवनी मालवा रूरल |
| 165060979 | अनिल मचिया | सिवनी मालवा रूरल |
| 173113133 | नन्दकिशोर ऐके | सिवनी मालवा रूरल |

नीलामी 18/3/2026 को दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक https://idfcegold.auctiontiger.net के माध्यम से ऑनलाइन / 18/3/2026 को दोपहर 3.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक http://gold.samil.in के माध्यम से आयोजित की जाएगी. इस प्रकाशन के माध्यम से संबंधित उधारकर्ताओं को अंतिम सूचना और अंतिम अवसर दिया जाता है कि वे निर्धारित नीलामी तिथि से पहले सुविधा वापस ली गई राशि, सभी ब्याज और शुल्कों के साथ चुका दें, अन्यथा आभूषण की नीलामी की जाएगी. कृपया ध्यान दें कि यदि समय सीमा के कारण नीलामी उसी दिन पूरी नहीं होती है तो बैंक अगले 7 दिनों के भीतर उन्हीं नियमों और शर्तों पर गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की फिर से नीलामी करेगा.

दिनांक- 10/3/2026, स्थान- मध्य प्रदेश



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक-1 राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि., ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है.

| स.क्र. | टेंडर नंबर | निविदा क्र. एवं दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र ऑनलाइन विक्रय डाउनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_CPA_485590_1 | 007/ SAC dt. 26.2.26 | अरेरा हिल्स भोपाल स्थित केन्द्रीय विद्यालय बाउंड्रीवॉल के पीछे जियो मिन. कार्यालय एवं अन्य स्थानों पर पाथवे रेस्टोरेशन सहित मरम्मत कार्य. | रु. 34.93 | रु. 50000 | रु. 5000 | 25.3.26 |
| 2. | 2026_CPA_485619_1 | 008/SAC dt. 26.2.26 | प्रकाश स्वीमिंग पूल भोपाल के गार्डन क्षेत्र में प्लांटेशन एवं ग्रास रिलेयिंग का कार्य. | रु. 25.00 | रु. 50000 | रु. 5000 | --,,-- |
| 3. | 2026_CPA_485623_1 | 009/SAC dt. 26.2.26 | प्रकाश स्वीमिंग पूल भोपाल में पेंटिंग/ कलर वॉश एवं अन्य विविध कार्य. | रु. 25.00 | रु. 50000 | रु. 5000 | --,,-- |
| 4. | 2026_CPA_485624_1 | 010/SAC dt. 26.2.26 | ऋषभ देव उद्यान एवं चिल्ड्रेन उद्यान शाहपुरा भोपाल सिविल एवं हार्टिकल्चर का कार्य. भोपाल में पेंटिंग/ कलर वॉश एवं विविध कार्य. | रु. 23.00 | रु. 46000 | रु. 5000 | --,,-- |
| 5. | 2026_CPA_485625_1 | 011/SAC dt. 26.2.26 | ई-4 एवं ई-5 उद्यान अरेरा कॉलोनी भोपाल में सिविल एवं हार्टिकल्चर का कार्य. | रु. 22.00 | रु. 44000 | रु. 5000 | --,,-- |
| 6. | 2026_CPA_485627_1 | 012/SAC dt. 26.2.26 | चार इमली भोपाल स्थित खेल मैदान में सिविल एवं हार्टिकल्चर का कार्य. | रु. 21.00 | रु. 42000 | रु. 5000 | --,,-- |

उपरोक्त वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे. निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25/3/2026 सायं 5.30 बजे निर्धारित है. विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है.

कार्यपालन यंत्री
राजधानी संभाग क्रमांक-1
राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि.
ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, फोन- 0755-2464382

G26946/25